विजय कुमार सुराणा स्मृति चिकित्सा शिविर

विज्ञान समिति द्वारा महावीर इन्टरनेशनल, अशोक नगर जैन सोसायटी, मिसाल ग्रुप थे सहयोग से विज्ञान समिति परिसर में मासिक बहुआयामी मेडिकल केम्प आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक तथा इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन उदयपुर के तीन सुपर स्पेशिएलिस्ट डॉ. रमेश सेठिया (यूरोलोजी), डॉ नरेन्द्र राठौड़ (केन्सर रोग विशेषज्ञ) व आई एम ए उदयपुर के सचिव डॉ प्रशांत अग्रवाल (चर्मरोग) ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर विज्ञान समिति व आई एम ए उदयपुर के बीच अनुबंध हुआ कि दो से तीन सुपर स्पेशिएलिस्ट चिकित्सक प्रत्येक माह अपनी सेवाएं निःशुल्क प्रदान करते रहेंगे। इस शिविर में सभी डॉक्टर्स, आई एम ए उपाध्यक्ष डॉ अनुराग तलेसरा, डॉ आई एल जैन, डॉ ए बापना, डॉ भानु प्रकाश, डॉ. अनुष्का झोटा, डॉ राकेश दशोरा, डॉ विनिता बागेला व विभिन्न टेक्निशियन उपस्थित थे। ई.सी.जी. जाँच, ब्लड शुगर, थाईराइड की जाँच की गई साथ ही फिजियोथेरिपी एवं हार्टफुलनेस आदि की सेवाऐं रही। यह जानकारी शिविर संयोजक एवं विज्ञान समिति के सचिव डॉ बी एल चावत ने प्रदान की।